# जुलाई माह में पश्चिम मध्य रेल ने 4 मिलियन टन से अधिक माल लदान किया

## गतवर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

जबलपुर 07 अगस्त। पश्चिम मध्य रेल ने माल लदान में वृद्धि दर्ज करते हुए चालू वित्तीय वर्ष के जुलाई माह में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग तथा परिचालन विभाग के संयुक्त प्रयासों से चालू वित्तीय वर्ष के जुलाई माह 2025 में 4.34 मिलियन टन माल लदान किया, जो गत वित्तीय वर्ष जुलाई 2024 में 3.73 मिलियन टन से लगभग 16 प्रतिशत अधिक रहा।

इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल गुड्स लोडिंग में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जुलाई तक कुल 18.73 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 17.57 मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि लगभग 7 प्रतिशत अधिक है।

**माल यातायात के लिए निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं :-**

- माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएँ शुरू की गईं ।
- नए माल गोदामों को विकसित करके उन्नयन कार्य किया जा रहा है।
- गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल/ साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है।
- मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया। साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए गए।
- गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई।
- नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण जैसे अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान की जा रही है।

पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है और आगे भी जारी रखेगा।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/280/2025 दिनांक 07.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें ।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर